# जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने एक ही दिन में सुनीं 138 परिवेदनाएं

## संबंधित अधिकारियों को परिवेदनाओं के समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण के दिये निर्देश

**जयपुर।** किसी की रुकी हुई पेंशन शुरू हो गई, तो किसी को निःशुल्क इलाज के रूप में मिली संजीवनी, किसी के बेहतर भविष्य के सपने को मिला छात्रवृत्ति का संबल तो किसी को मिला पालनहार योजना का सहारा। कुछ ऐसा ही नजारा था गुरुवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार का।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना एवं जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए गुरुवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन हुआ। जयपुर सांसद श्रीमती मंजू शर्मा की मौजूदगी में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने राजस्व प्रकरणों से जुड़े 54 परिवादों सहित 138 फरियादियों के परिवाद सुने, जिनमें से कई प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। अन्य प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए कलक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।



आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिएजिला कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन हुआ।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आमजन के अभाव अभियोगों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर संवेदनशील हैं। माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल ने पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन को नियमित जनसुनवाई के निर्देश दिये हैं।

जनसुनवाई में जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) विनीता सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) कुंतल विश्नोई, अतिरिक्त जिला कलक्टर (उत्तर) मुकेश कुमार मूंड सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## विद्युत निगमों में तकनीशियन के आवेदन आज से

**जयपुर।** राज्य के 2 विद्युत निगमों में तकनीशियन-(आईटीआई)/ऑपरेटर-(आईटीआई)/प्लान्ट अटेन्डेन्ट-(आईटीआई) के 216 पदों के लिए योग्य अभ्यर्थी ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से 21 फरवरी से 20 मार्च तक आवेदन कर सकते है। राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के 150 और जयपुर विद्युत वितरण निगम के 66 पदों पर सीधी भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 21 फरवरी से प्रारम्भ करते हुए लिंक सक्रिय कर दिये जायेंगें।

प्रथम चरण में राज्य के पांचों विद्युत निगमों में अभियन्ता संवर्ग के 271 पदों पर सीधी भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 30 जनवरी से प्रारम्भ की गई थी, जिसकी अंतिम तिथि 20 फरवरी है। इसमें कनिष्ठ अभियन्ता (इलेक्ट्रिकल) के 228, कनिष्ठ अभियन्ता (मैकेनिकल) के 25, कनिष्ठ अभियन्ता (सी एण्ड आई/कम्युनिकेशन) के 11, कनिष्ठ अभियन्ता (फायर एण्ड सेफ्टी) के 2 एवं कनिष्ठ रसायनज्ञ के 5 पद शामिल है। निगम ने यह स्पष्ट किया है कि ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है और आवेदन करने की अंतिम तिथि को आगे नहीं बढ़ाया जावेगा।

## बजट पर 5 दिन होगी बहस, 27 को दिया कुमारी देगी जवाब

**जयपुर, (वि.सं.)।** विधानसभा में बुधवार को पेश किए गए सरकार के बजट पर गुरुवार को विधानसभा में शून्य काल के बाद सत्ता और प्रतिपक्ष की वाद विवाद बहस शुरू हो गई है। राजस्थान विधानसभा में 5 दिन तक करीब 20 घंटे बजट को लेकर वाद विवाद होगा। जिसमें सत्ता और प्रतिपक्ष के विधायक अपनी बात रखेंगे। इसके बाद बजट पारित होने से पहले वित्त मंत्री दिया कुमारी बजट बहस अपना रिप्लाई देगी।

अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राजनीतिक दलों को बहस के लिए समय का बंटवारा किया। बजट बहस में भाजपा को 11 घंटे 54 मिनट, कांग्रेस को 6 घंटे 36 मिनट, भारत आदिवासी पार्टी को 24 मिनट, बसपा को 12 मिनट, निर्दलीय विधायकों को 48 मिनट और राष्ट्रीय लोकदल को 6 मिनट का समय दिया गया है।

## किसानों को उच्च गुणवत्ता युक्त उन्नत बीज उपलब्ध कराना ही बीज निगम का प्रमुख उद्देश्य : राजन विशाल

**जयपुर।** राजस्थाान राज्य बीज निगम के अध्यक्ष एवं शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल ने कहा कि प्रदेश में अच्छी पैदावार के लिए उच्च गुणवत्ता एवं उन्नत किस्म का बीज जरूरी है। निगम इसके लिए हर संभव प्रयास कर रहा है, जिससे फसलों की उपज के साथ-साथ किसानों की आय में भी वृद्धि हो रही है।

विशाल ने बताया कि राजस्थान राज्य बीज निगम के निदेशक मण्ड़ल द्वारा निगम की इक्विटी शेयर पूंजी पर वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 10 प्रतिशत से घोषित लाभांश का 63 लाख 30 हजार रूपये राज्य सरकार को दिये जा रहे हैं। इसके अलावा निगम द्वारा राज्य सरकार को 2022-23 तक के लाभांश में से लगभग 12 करोड़ 66 लाख रूपये का भुगतान किया जा चुका है।

उन्होंने बताया कि राजस्थाान स्टेट सीड्स कॉरपोरेशन ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 23405.01 लाख रूपये का सकल कारोबार किया है तथा टैक्स कटौती के बाद निगम को 1606.49 लाख रूपये का लाभ हुआ है।

वर्तमान में निगम की अंश पूंजी में राज्य सरकार का हिस्सा 6 करोड़ 33 लाख रूपये है। वर्तमान में निगम की 22 इकाईयां व 5 विस्तार केन्द्र है, जिनकी कुल विधायन क्षमता 12 लाख 584 क्विंटल प्रतिवर्ष एवं कुल भण्ड़ारण क्षमता 10 लाख 21 हजार क्विंटल है। बीजों के उत्पादन एवं विपणन को बढ़ावा देने हेतु सुल्तानपुर एवं गुढ़ामालानी में बीज विधायन संयंत्र स्थापित किये गये हैं।

## महाकुंभ में एकजुटता की भावना जोड़ रहा नेस्ले इंडिया

**मुंबई।** नेस्ले इंडिया आकर्षक ऑन-ग्राउंड गतिविधियों के माध्यम से महाकुंभ 2025 में गर्मजोशी, आराम और समुदाय की भावना जोड़ रहा है। मैगी और किटकैट जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड्स के साथ, कंपनी का लक्ष्य दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक समागम के बीच एकजुटता, आराम और आनंद के क्षण प्रदान करते हुए आगंतुकों के अनुभव को और अधिक खास बनाना है।

इन गतिविधियों के केंद्र में है मैगी का "2 मिनट अपनों के लिए" अभियान, जो लोगों को एक साथ लाने में मैगी की भूमिका को उजागर कर रहा है। मैगी ने स्पेशल ज़ोन बनाए हैं, जहाँ आगंतुक गरमागरम मैगी का आनंद उठा सकते हैं और अपने "मैगी पलों" को कैद कर सकते हैं। इन जोन में अलाव के लिए निर्धारित जगह होंगे, ताकि ठंडी सुबह और शाम के दौरान आगंतुकों को आराम मिल सके।

## देर रात रेस्ट्रोबार खुलने पर कार्यवाही कर 9 जने गिरफ्तार

- रेस्ट्रोबार संचालक के विरूद्ध कार्यवाही जिसमें 1 वर्ष के कारावास का प्रावधान
- रेस्ट्रो बार के लाईसेन्स को निरस्त करने के लिये आबकारी विभाग को अनुशंसा

**जयपुर।** पुलिस आयुक्त कार्यालय द्वारा शहर में संचालित क्लब/रेस्ट्रोबार/पब आदि को नियत समय पर बन्द करने के आदेश जारी किये हुये हैं। आदेशों की पालना में आई.पी.एस. अमित कुमार के निर्देशन में देर रात को आम्रपाली मार्ग पर ओसिटो रेस्ट्रोबार देर रात्रि खुलने व कुछ लोगो द्वारा हा हुल्लड करने व देर रात पार्टी व शोर शराबा करने की सूचना पर पुलिस थाना वैशाली नगर जयपुर द्वारा 9 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया था।

पुलिस आयुक्त जयपुर के आदेशो की अवज्ञा करने पर ओसिटो रेस्ट्रोबार के संचालक के विरूद्ध विधिक कार्यवाही हेतु इस्तगासा अन्तर्गत तैयार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। ओसिटो रेस्ट्रोबार के संचालक द्वारा रेस्टो बार संचालन हेतु आबकारी विभाग के नियम व शर्तों का उल्लंघन किय गया है।

## गलताजी में विकसित हो रहीं अत्याधुनिक सुविधाएं

### सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगवाए जा रहे सीसीटीवी कैमरे

**जयपुर।** जिला प्रशासन द्वारा मंदिर ठिकाना गलताजी के विकास लिए अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। गलता मंदिर की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ एवं चुस्त-दुरुस्त करने के लिये जिला प्रशासन ने गलता मंदिर परिसर एवं घाट के बालाजी पर 15 नाइट वीजन तकनीक से लैस सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा रहे हैं।

कैमरों के द्वारा अब जिला प्रशासन द्वारा वहां होने वाली सम्पूर्ण गतिविधियों पर अपनी नजर रख सकेगा। नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय) आशीष कुमार जयपुर ने बताया कि गलता तीर्थ में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिये तथा मंदिर की सम्पूर्ण व्यवस्थाओं की निगरानी के लिये पूरे परिसर एवं घाट के बालाजी मंदिर को सीसीटीवी से युक्त किया जा रहा है। कार्य को शीघ्र पूरा कराया जाकर पूरे परिसर की निगरानी सुनिश्चित की जायेगी।

## पहले दिन जाने मांड गायकी के गुर

**जयपुर।** जवाहर कला केंद्र की ओर से आयोजित मांड गायन कार्यशाला का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को राजस्थान की पारंपरिक लोक संगीत विधा मांड गायकी की बारीकियां सिखाई जा रही है। यह 15 दिवसीय मांड गायन कार्यशाला 6 मार्च तक पारिजात-2 दीर्घा में सायं 3 बजे से 5 बजे तक जारी रहेगी साथ ही कार्यशाला के आखिरी दिन पर सभी प्रतिभागी मांड गायन की प्रस्तुति देंगे।

कार्यशाला के पहले दिन पद्मश्री अलंकृत उस्ताद डॉ. अली मोहम्मद और उस्ताद डॉ. गनी मोहम्मद ने प्रतिभागियों को मांड गायकी के महत्व और इसकी विशिष्टताओं से अवगत कराया। उन्होंने प्रत्येक प्रतिभागी को सुनते हुए गायकी के मूल तत्वों पर मार्गदर्शन दिया। कार्यशाला की शुरुआत मांड गीतों के कुछ अंशों से की गई, जिससे प्रतिभागियों को इसकी मूल भावना और स्वर संरचना को समझने का अवसर मिला।



जवाहर कला केंद्र की ओर से आयोजित मांड गायन कार्यशाला का शुभारंभ हुआ।

इस कार्यशाला में 30 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं, जिन्हें उस्तादों के सानिध्य में राजस्थान की इस अमूल्य संगीत धरोहर को सीखने का अवसर मिल रहा है। जाहिर है जेकेके का मुख्य उद्देश्य राजस्थानी कला को बढ़ावा देना है, और इसी के तहत यह आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर जवाहर कला केंद्र की अतिरिक्त महानिदेशक अलका मीणा और वरिष्ठ लेखाधिकारी बिंदु भाभोरिया, अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# संगरिया पुलिस का कारनामा इसकी टोपी, उसके सर!

## पुलिस ने डोडा चूरा पोस्त रामू बावरी का मानते हुए उसके घर पर दबिश देकर करीब 30 लाख 30 हजार रुपए नकदी, तीन कारें जब्त की : महावीर प्रसाद

**जयपुर।** आमतौर पर देखा गया है कि पुलिस मुख्य व प्रभावशाली अपराधी को बचाने के लिए मामले को कुछ नया ही रूप दे देती है। ऐसा ही मामला प्रदेश के हनुमानगढ़ जिले के संगरिया पुलिस थाने का सामने आया है।

इस संबंध में पिंकसिटी प्रेस क्लब,

- 'पुलिस ने आरोपी रामू बावरी से सांठगांठ करके अब डोरा चूरा पोस्त की बरामदगी किसी अन्य स्थान से होना बताकर अदम एफआर लगा रही है'

जयपुर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में महावीर प्रसाद मेघवाल ने फफकते हुए मीडिया को बताया कि 27 मार्च-2024 को संगरिया पुलिस के थानाधिकारी धर्मपाल सिंह व डीएसटी टीम, हनुमानगढ़ ने सीओ करण सिंह बराड़ के नेतृत्व में गांव हरिपुरा की ढाणी 3 डीएनजी रोही में तड़के करीब साढे चार बजे हरचंद सिंह व इंद्रजीत सिंह की ढाणियों में छापा मारकर 6 क्विंटल 30 किलो डोडा चूरा पोस्त बरामद किया। इसके बाद पुलिस ने जांच में उक्त डोडा चूरा पोस्त रामू बावरी का मानते हुए उसके घर पर दबिश देकर करीब 30 लाख 30 हजार रुपए नकदी, तीन कारें जब्त की। इनमें से एक कार चोरी की होना संदेह था। पुलिस ने आरोपी रामू बावरी को घटनास्थल से फरार होना बताकर उससे सांठगांठ करके अब डोरा चूरा पोस्त की बरामदगी किसी अन्य स्थान से होना बताकर अदम एफआर लगा रही है।



पिंकसिटी प्रेस क्लब, जयपुर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में महावीर प्रसाद मेघवाल ने पत्रकारों को अपनी व्यथा सुनाई।

आरोप है कि पुलिस महावीर प्रसाद को एनडीपीएस के मामले में फंसाने के लिए मुख्य स्थान की बजाय करीब छह किलोमीटर दूर चक 4 एचआरपी में उसके खेत में से पोस्त बरामदगी दिखा रही है। इस संबंध में पीड़ित ने ऑल इंडिया एससी/एसटी/ओबीसी एंड माइन्योरटी ब्रदरहुड कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जसविंद्र सिंह धालीवाल, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष रामेश्वर चावरिया, ऑल इंडिया मजहबी सिक्ख वैलफेयर सोसाइटी राजनैतिक विंग राजस्थान के महासचिव मंदीप सिंह नाहर के साथ पुलिस महानिदेशक यूआर साहू, गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली से मुलाकात मामले की उच्चस्तरीय जांच करवाकर न्याय दिलाने का आग्रह किया है।

## शिकायत कर्ता को अपनी शिकायत वापस लेना पड़ा भारी

- मंत्री ने शिकायत कर्ता के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए

**जयपुर।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत मुख्यमंत्री कार्यालय को करने वाले शिकायतकर्ता द्वारा अपनी शिकायत वापस ले लेने पर शिकायत कर्ता के ही खिलाफ राज कार्य में बाधा डालने की रिपोर्ट पुलिस थाने में दर्ज कराने और पूरे मामले की जांच करने के निर्देश दिए है।

प्रकरण में प्राप्त जानकारी के अनुसार उप सचिव (एस एल),मुख्यमंत्री,मुख्यमंत्री कार्यालय राजस्थान सरकार को 17 फरवरी 2024 को रामलाल माली (वार्ड पंच नंबर 2) पुत्र भूराराम माली निवासी ग्राम खडात, तहसील आबू रोड, जिला सिरोही ने ग्राम पंचायत खडात के वर्तमान सरपंच एवं ग्राम विकास अधिकारी के खिलाफ शिकायत की थी कि उक्त दोनों द्वारा अपने पद का दुरुपयोग कर सरकारी राशि का दुरुपयोग कर सरकारी राजकोष को हानि पहुंचाई है। जिसकी जांच की जाए।

इस क्रम में उक्त शिकायत की जांच हेतु संभागीय आयुक्त पाली को पत्र लिखा गया। जिस पर संभागीय आयुक्त ने जांच कर अपनी रिपोर्ट सौंपी है जिसमें कहा गया है कि अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ने 21 मई 2024 को जांच हेतु मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला सिरोही को निर्देशित किया।जिसके बाद शिकायतकर्ता रामलाल पुत्र भूराराम माली द्वारा 50 रूपये के नॉन ज्यूडिशियल पेपर (नोटरी पब्लिक सत्यापित) है, द्वारा शिकायत को वापस लिए जाकर प्रकरण में कोई जांच नहीं करवाने बाबत शपथ पत्र मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद,सिरोही को प्रस्तुत किया। अतिरिक्त संभागीय आयुक्त पाली की रिपोर्ट पर संभागीय आयुक्त पाली ने चूंकि उक्त प्रकरण में शिकायतकर्ता रामलाल माली ने शपथ पत्र प्रस्तुत कर प्रकरण में कोई जांच नहीं करवाने एवं उक्त शिकायत को वापस लेने बाबत शपथ पत्र जांच कमेटी को प्रस्तुत किया है।अतः संभाग की आयुक्त पाली ने भी उक्त प्रकरण में कोई कार्रवाई अपेक्षित नहीं है बाबत रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी।इस आधार पर संभागीय आयुक्त पाली से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर सरपंच एवं ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत खडात, पंचायत समिति आबू रोड,जिला सिरोही के विरुद्ध विचाराधीन जांच प्रकरण को समाप्त कर पत्रावली दाखिले दफ्तर करने की कार्रवाई को प्रस्तावित करते हुए मंत्रालय ने पत्रावली मंत्री मदन दिलावर की समक्ष प्रस्तुत की।

पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने मामले को संदेहास्पद मानते हुए पूरी जांच करने तथा शिकायतकर्ता के खिलाफ राज कार्य में बाधा डालने की रिपोर्ट पुलिस थाने में दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

## सार-समाचार

### भजनलाल सरकार का यह ग्रीन थीम बजट था : रोहित जैन



**जयपुर।** रोहित कुमार जैन ने कहा कि राजस्थान की वित्त मंत्री दिया कुमारी ने भजनलाल सरकार का दूसरा पूर्ण बजट पेश किया। इस बजट में वित्त मंत्री ने राजस्थान की अर्थव्यवस्था को 350 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की घोषणा की। भजनलाल सरकार का यह बजट "ग्रीन थीम बजट" था, जिसमें रिन्यूएबल एनर्जी, ग्रामीण विकास एवं आधारभूत संरचना विकास पर फोकस था। उन्होंने कहा कि इस बजट में वित्त मंत्री के द्वारा समाज के सभी वर्गों का समुचित ध्यान रखा गया। इस बजट में महिलाओं, किसानों, भूमिहीन श्रमिकों, युवाओं एवं बुजुर्गों के लिए कई बड़ी घोषणाएं की गई। इस बजट में राजस्थान सरकार ने भांकरोटा अग्निकांड से सबक लेते हुए सड़क दुर्घटनाओं को रोकने एवं दुर्घटना के बाद पर्याप्त व्यवस्था के लिए जयपुर-देहली, जयपुर-कोटा, जयपुर-आगरा हाइवे पर जीरो एक्सीडेंट जोन, नेशनल हाइवेज पर 50 ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर सुधार, 20 ट्रॉमा सेंटर का सुदृढ़ीकरण एवं 25 एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस की घोषणा करके राजस्थान में रोड दुर्घटनाओं और इनमें होने वाली मृत्युओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाई है।

### आयुष व होम्योपैथी के लिए बजट में कुछ भी नहीं : राजीव सक्सैना



**जयपुर।** स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर, जयपुर के वरिष्ठ होम्योपैथ व आचार्य प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने वर्तमान सरकार के दूसरे राज्य बजट के बारे में कहा व विचार साझा किए, की वृद्धों के लिए मुफ्त हवाई यात्रा, नारी सशक्तिकरण के लिए, किसानों, आमजन, युवाओं, विधार्थीयों के लिए हर बार की तरह नयी घोषणाएं? पिछली बार की तरह इस बार भी नयी नोकरीयां देने के लिए कहा है, संभवतः पूरी हो पायेंगी क्या? अच्छी बात है कि विधवाओं व वृद्ध, जरूरतमंदों की पेंशन मे बढोत्तरी की। तथापि दवाईयां सस्ती की व वरिष्ठ नागरिकों को घर पहुंचाने की कोशिश का स्वागत है मगर हर बार की तरह ना केंद्रीय व ना ही राज्य के बजट में इस बार भी होम्योपैथिक व आयुष चिकित्सकों की नयी भर्ती व नयी डिस्पेंसरीयां खोलना व बजट का कोई प्रावधान व एलान नहीं किया व निराश किया।

### समृद्ध राजस्थान की परिकल्पना को साकार करने वाला बजट : आमेरा



**जयपुर।** ऑल राजस्थान कोआपरेटिव बैंक एम्प्लाईज यूनियन व ऑफ़िसर्स एसोसिएशन के महासचिव, सहकारी साख समितिया एम्प्लाईज यूनियन के अध्यक्ष राज्य के सहकार नेता सूरज भान सिंह आमेरा ने प्रदेश के मुख्य मंत्री भजन लाल शर्मा, उप-मुख्यमंत्री वित्त मंत्री दिया कुमारी व सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक को राज्य की कृषि, किसान, सहकारिता, स्वास्थ्य, पर्यटन, युवा कल्याण, आधार भूँत ढाँचे, परिवहन, उद्योग सहित सभी क्षेत्रों के विकास व कर्मचारी कल्याण के विकास की घोषणाओं के बजट का स्वागत करते हुए बधाई दी है। बजट समृद्ध राजस्थान की परिकल्पना को साकार बनाने वाला विकासनमुखी का बजट है।

### जन आंकाक्षाओं के अनुरूप है राजस्थान का बजट : दिलावर

**जयपुर।** संस्कृत शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने राजस्थान बजट 2025-26 को जन आकांक्षाओं के अनुरूप बताते हुए कहा कि यह बजट संस्कृत शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और नवाचार को बढ़ावा देने वाला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी द्वारा प्रस्तुत बजट की सराहना करते हुए कहा कि इसमें संस्कृत शिक्षा के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास होंगा लम्बे समय चली आ रही संस्कृत शिक्षा के सभी प्रवेशिका विद्यालय को सामान्य शिक्षा की तरह वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में क्रमोन्नत किया गया है। इससे संस्कृत शिक्षा के छात्रों को अब उच्च अध्ययन के लिये शिक्षा उन्हें वही मिल सकेगी संस्कृत शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है। संस्कृत शिक्षा मंत्री ने बजट को संस्कृत शिक्षा के क्षेत्र में जनहितकारी और शिक्षा में विकास के नए द्वार खोलने वाला बताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि सभी को सहज शिक्षा उपलब्ध हो सके। यह बजट इसी अवधारणा को मजबूती प्रदान करता है। राज्य सरकार प्रदेश में संस्कृत शिक्षा क्षेत्र की मजबूती के लिए लगातार कार्य कर रही है, जिसका प्रतिबिंब इस बजट में दिखने को मिला है संस्कृत शिक्षा की मजबूती के लिए इस बजट में किए प्रावधानों से भविष्य में सकारात्मक प्रभाव दिखाई देंगे।

### प्रदेश में मजबूत होंगी हवाई सेवाएं, पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा : दक

**जयपुर।** सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि राज्य बजट 2025-26 में की गई घोषणाओं से प्रदेश का नागरिक उड्डयन क्षेत्र मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं के मूर्त रूप लेने से राज्य में हवाई सेवाओं की मजबूती के साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। दक ने कहा कि बजट में केन्द्र सरकार की उड़ान योजना के तहत महत्वपूर्ण स्थानों को हवाई सेवा से जोड़ा जाना प्रस्तावित किया गया है। इससे प्रदेश के गंतव्य स्थलों तक सैलानियों की आसान पहुंच होगी, जिससे अधिक संख्या में पर्यटक राज्य का रुख करेंगे। इसी प्रकार, कोटा एयरपोर्ट के निकट एयरो सिटी बनाने, प्रतापगढ़, झालावाड़ एवं झुंझुनूं में फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गेनाइजेशन तथा माउंट आबू में एयरो स्पोर्ट्स एक्टिविटीज शुरू किए जाने का लाभ भी आगामी समय में प्रदेश को मिलेगा। नागरिक उड्डयन मंत्री ने कहा कि बजट में हमीरगढ़-भीलवाड़ा, झुंझुनूं, तलवाड़ा-बांसवाड़ा, परिहारा-चूरू, कुम्हेर-डीग, प्रतापगढ़, नून-जालोर, फलोदी, सिरोही, चकचैनपुरा-सवाई माधोपुर, कोलाना-झालावाड़, तारपुरा-सीकर और विश्नोदा-धौलपुर सहित 29 हवाई पट्टियों की मरम्मत, रखरखाव एवं उन्नयन कर चरणबद्ध रूप से बड़े हवाई जहाज उतरने के योग्य बनाये जाने की घोषणा की गई है। इससे प्रदेश में आमजन को बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध हो पाएगी।

### ग्रीन थीम बजट राजस्थान के लिये विकासोन्मुखी : गोतोड़



**जयपुर।** भाजपा नेता मनोज सिंह गोतोड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार ने राज्य बजट में "ग्रीन बजट" पेश करके राजस्थान को विकास के पथ पर अग्रसर किया है। उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने बजट में महिला, युवा, किसान, बुजुर्गों सहित आमजन के हित में लिये गये जनहित के निर्णय रखें। राइजिंग राजस्थान की सफलता के बाद यह पहला ग्रीन थीम बजट है, जो रिन्यूएबल एनर्जी, रूरल डेवलपमेंट और इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर केंद्रित है।राजस्थान में 9 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे बनाना, 2 लाख घरों को पेयजल कनेक्शन देना, 1 साल में 1.25 लाख से ज्यादा सरकारी व प्राइवेट भर्तियां निकालना, ट्रैफिक कम करने के लिए 15 शहरों में रिंग रोड बनाना, हर महीने 150 यूनिट बिजली फ्री देना, 1000 नई बसें खरीदना, सड़क ठीक कराने के लिए हर विधानसभा को 10 करोड़ रुपये देना, मां कोष गठित करके दूसरे राज्यों में फ्री इलाज देना, गरीबों को आंखों की जांच के बाद फ्री चश्मा देने का कदम सराहनीय हैं।

### मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद 25 फरवरी का आंदोलन स्थगित

**जयपुर।** मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से बुधवार को नरेश मीणा के पिता कल्याण सिंह मीणा व माता प्रेम बाई और प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात की। इस मुलाकात में टोंक के देवली-उनियारा के समरावता गांव में हुए घटनाक्रम के बारे में प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद नरेश मीणा के पिता कल्याण सिंह मीणा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मुलाकात सकारात्मक रही और उनकी पूरी बात सुनी गई। समरावता प्रकरण को लेकर आगामी 25 फरवरी को विधानसभा के बाहर किया जाने वाला आंदोलन स्थगित किया है।